# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

## विद्या परिषद की बैठक दिनांक 25 जून, 2026 का कार्यवृत्त

विद्या परिशद की बैठक दिनांकः 25 जून, 2026 को अपराहन 12:00 बजे राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, पलवल रोड़ लोधा, अलीगढ़ के मीटिंग कक्ष में ऑफलाइन माध्यम में आहूत की गयी। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो0 एन0बी0 सिंह | कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ | अध्यक्ष |
| 2 | प्रो0 रानू शर्मा, | प्राचार्या, श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय, कासगंज **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 3 | प्रो0 राजकुमार उपाध्याय | विधि विभाग, मेरठ कालेज, मेरठ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 4 | प्रो0 कृष्णा अग्रवाल | संकायाध्यक्ष, कला संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 5 | प्रो0 हरीश कुमार शर्मा | संकायाध्यक्ष, विधि संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 6 | प्रो0 सुभाष | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 7 | प्रो0 अंजना कुमारी, | संकायाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 8 | प्रो0 गीतिका सिह, | संकायाध्यक्ष, गृह विज्ञान संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 9 | प्रो0 ए0के0 वत्स, | संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 10 | प्रो0 वाई0पी सिंह, | भूगर्भ विज्ञान विभाग, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ | सदस्य |
| 11 | प्रो0 शुभनेश कुमार गोयल | गणित विभाग, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ | सदस्य |
| 12 | प्रो0 मंजू गिरी | भौतिक विज्ञान विभाग, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 13 | प्रो0 हेमलता अग्रवाल, | ड्राइंग एण्ड पेंटिंग विभाग, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 14 | प्रो0 इन्दू वार्ष्णेय, | अर्थशास्त्र विभाग, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 15 | प्रो0 अजय कुमार, | मनोविज्ञान विभाग, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ | सदस्य |
| 16 | प्रो0 सुमन रघुवंशी, | संस्कृत विभाग, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 17 | प्रो0 प्रतिभा शर्मा, | इतिहास विभाग, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 18 | प्रो0 अंजना वशिष्ठ | अंग्रेजी विभाग, के0ए0 कालेज कासगंज | सदस्य |
| 19 | प्रो0 कृष्णा वाजपेयी | अर्थशास्त्र विभाग, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | प्रो0 सुषमा यादव | गृह विज्ञान विभाग, एस0आर0डी0 कालेज, हाथरस **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 21 | प्रो0 अनिल वार्ष्णेय | श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 22 | प्रो0 रेनू सिंघल | धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 23 | डा0 सुनन्दा महाजन | हिन्दी विभाग, पी0सी0 बागला कालेज हाथरस **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 24 | प्रो0 नीता वार्ष्णेय | गृह विज्ञान विभाग, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 25 | प्रो0 निर्मला कुमारी | हिन्दी विभाग, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 26 | प्रो0 प्रदीप कुमार | धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 27 | प्रो0 सन्दीप बंसल | वाणिज्य विभाग, पी0सी0 बागला कालेज, हाथरस **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 28 | प्रो0 नीता कुलश्रेष्ठ | अंग्रेजी विभाग, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 29 | प्रो0 ए0पी0 गुप्ता | भूगोल विभाग, के0ए0 कालेज, कासगंज **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 30 | प्रो0 देवेन्द्र कुमार | संस्कृत विभाग, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 31 | प्रो0 पुष्पेन्द्र सिंह यादव, | रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 32 | प्रो0 स्वतेन्द्र सिंह | शारीरिक शिक्षा, सरस्वती डिग्री कालेज, हाथरस | सदस्य |
| 33 | प्रो0 के0डी0 वर्मा | संकायाध्यक्ष, शैक्षिक संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 34 | प्रो0 पंकज कुमार वार्ष्णेय | पूर्व संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 35 | श्री निजीलिगप्पा | वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 36 | श्री धीरेन्द्र कुमार | परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 37 | श्री प्रबुद्ध सिंह | कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा सभी आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा तदोपरान्त मा0 कुलपति जी की अनुमति से विद्या परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

| | |
|---|---|
| मद संख्या–7.01 | विद्या परिषद की बैठक दिनांक 29.09.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। |
| निर्णय | विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से बैठक दिनांक 29.09.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गयी। |
| मद संख्या–7.02 | विद्या परिषद की बैठक दिनांक 29.09.2025 की अनुपालन आख्या। |

Scanned with OKEN Scanner

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

| | |
|---|---|
| निर्णय | विद्या परिषद की बैठक दिनांक 29.09.2025 में लिये गये निर्णय एवं कृत कार्यवाही से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गयी। |
| मद संख्या–7.03 | दीक्षान्त समारोह में NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को मा0 कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिये जाने पर विचार |
| निर्णय | दीक्षान्त समारोह में NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को मा0 कुलाधिपति द्वारा स्वर्ण पदक दिये जाने हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत सूची का विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.04 | दीक्षान्त समारोह हेतु मेडल धारको की सूची के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | 1. दीक्षान्त समारोह हेतु मेडल प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की सूची से विद्या परिषद संसूचित हुई एवं सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।<br>2. मा0 कुलाधिपति द्वारा मंच पर मेडल प्राप्त करने वाले 25 छात्र–छात्राओं की सूची पर भी अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>3. यदि कोई त्रुटि/विसंगति पायी जाती है तो मा0 कुलपति जी को मेडल समिति की अनुशंसा के क्रम में अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया।<br>4. दोनों सूचियों को अलग–अलग विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अन्तिम सूची के रूप में डाला जायें।<br>5. मेडल दिए जाने वाले 25 छात्र–छात्राओं के चयन का मापदण्ड भी डाला जायें। |
| मद संख्या–7.05 | दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत सत्र 2025–26 में कुल उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण छात्रों की सूची का अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत सत्र 2025–26 में कुल उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण छात्रों की सूची से विद्या परिषद संसूचित हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.06 | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर एवं विश्वविद्यालय परिसर में कौशल विकास कार्यक्रम संचालन हेतु Center of Skill Development & Entrepreneurship की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर एवं विश्वविद्यालय परिसर में कौशल विकास कार्यक्रम संचालन हेतु Center of Skill Development & Entrepreneurship की स्थापना से विद्या परिषद संसूचित हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। कुलसचिव द्वारा समिति को विश्वविद्यालय में RMPU Incubation Foundation एवं धारा 8 के अन्तर्गत कम्पनी का रजिस्ट्रेशन कराये जाने से अवगत कराया गया जिस पर समिति द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.07 | शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विषम सेमेस्टर के शिक्षण कार्य प्रारम्भ किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद द्वारा अन्य राज्य विश्वविद्यालयों की भाँति विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एवं परीक्षाएं अलग–अलग किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी साथ ही सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में सत्र 2026–27 हेतु तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर अर्थात का शिक्षण कार्य दिनांक 07 जुलाई, 2026 से एवं सम्बद्ध |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | महाविद्यालयों में 14 जुलाई 2026 से तथा प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण कार्य विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में 27 जुलाई, 2026 से प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| मद संख्या–7.08 | विश्वविद्यालय में NAAC एवं अन्य रैकिंग में प्रतिभाग किये जाने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाए सत्र 2026–27 से अलग–अलग किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद द्वारा अन्य राज्य विश्वविद्यालयों की भॉति विश्वविद्यालय में NAAC एवं अन्य रैकिंग में प्रतिभाग किये जाने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाए अलग–अलग किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। |
| मद संख्या–7.09 | विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक व्यवस्थायें सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवस्थाओं से पृथक किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद द्वारा अन्य राज्य विश्वविद्यालयों की भॉति विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य अलग–अलग किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी तथा सत्र 2026–27 से शैक्षणिक कार्य अलग करने एवं वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम (Syllabus) ऑर्डिनेंस के अनुरूप कार्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। यह भी निर्देश दिये कि आगामी सत्र 2027–28 के लिए समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किया जाये। |
| मद संख्या–7.10 | समन्वयक, अध्ययन परिषद चित्रकला के पत्र दिनांक 22.06.2026 पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद द्वारा अन्य राज्य विश्वविद्यालयों की भॉति एम0ए0 चित्रकला में अन्य विषयों से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में समिति के माध्यम से स्पष्ट प्रस्ताव प्राप्त करते हुए मा0 कुलपति जी को अनुमोदन प्रदान करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या–7.11 | विश्वविद्यालय में नये विभाग खोले जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद विश्वविद्यालय द्वारा एन0सी0टी0ई0 में नये विभाग बी0पी0एड0, एम0पी0एड0, डी0पी0एड0, बी0ए0 बी0एड0, बी0एससी0 बी0एड0 तथा बी0कॉम0 बी0एड0 विभाग खोले जाने से संसूचित हुई तथा बी0एड0 नियमित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त स्ववित्तपोषित माध्यम से विभाग खोले जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन की कार्यवाही सत्रारम्भ से पूर्व पूर्ण की जाये। |
| मद संख्या–7.12 | स्नातक स्तर के चतुर्थ सेमेस्टर में निर्धारित सह पाठ्यक्रमों के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित सभी छात्रों को उनके चतुर्थ सेमेस्टर में दो क्रेडिट का अनिवार्य सह पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी तथा समिति के माध्यम से स्पष्ट प्रस्ताव पर मा0 कुलपति जी को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या–7.13 | स्नातक स्तर के छात्रों का एक अनिवार्य सह पाठ्यक्रम "AI for all" संचालन के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातक प्रथम वर्ष |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | में प्रवेशित सभी छात्रों को उनके द्वितीय सेमेस्टर में छात्रों को एक अनिवार्य सह पाठ्यक्रम "AI for all" संचालन के लिए विद्या परिषद द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.14 | प्रो0 पुष्पेन्द्र सिंह यादव, संयोजक, अध्ययन परिषद रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन के पत्र दिनांक 23.05.2026 पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद प्रो0 पुष्पेन्द्र सिंह यादव, संयोजक, अध्ययन परिषद रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन के पत्र दिनांक 23.05.2026 से अवगत हुई तथा अन्य राज्य विश्वविद्यालयो में प्रचलित व्यवस्था अनुसार प्रस्ताव समिति के माध्यम से प्राप्त कर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया। |
| मद संख्या–7.15 | NEP अध्यादेश के अनुसार शोध एवं स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | NEP अध्यादेश के अनुसार शोध एवं स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों से अध्ययन परिषद द्वारा दिए गए सुझाव प्रस्ताव से विद्या परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया गया । साथ ही निर्देशित किया गया कि जिन पाठ्यक्रमों के संबंध मे अध्ययन परिषद का प्रस्ताव नहीं आया है उनसे तत्काल प्रस्ताव प्राप्त कर लिया जाये। अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या–7.16 | राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश के पत्र सं0–4074/38– जी0एस0/2026–। दिनांक 21.06.2026 द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रो0 शेखर सी0 मांडे अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आई0एन0एस0ए0) बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली को दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की स्वीकृति उपरान्त मुख्य अतिथि के नाम का संसूचन एवं मुख्य अतिथि को मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश के पत्र सं0–4074/38– जी0एस0/2026–। दिनांक 21.06.2026 द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रो0 शेखर सी0 मांडे अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आई0एन0एस0ए0) बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली को दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की स्वीकृति से विद्या परिषद अवगत हुई। उक्त के साथ ही दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि को मानद उपाधि डी. लिट् प्रदान किये जाने की सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.17 | अन्य मद अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |
| मद संख्या–7. 17(1) | विश्वविद्यालय में स्वामी हरिदास शोध पीठ की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद विश्वविद्यालय में स्वामी हरिदास शोध पीठ की स्थापना सम्बन्धी प्रस्ताव से अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि शोध पीठ की स्थापना हेतु रू0 25 लाख स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। |
| मद संख्या–7. 17(2) | एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली केन्द्र की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विद्या परिषद विश्वविद्यालय में एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली |

Scanned with OKEN Scanner

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

| | |
|---|---|
| | केन्द्र की स्थापना किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव से अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–7.17(3) | रोजगारपरक 06 माह/01 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा कोर्स सत्र 2026–27 से प्रारम्भ किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | रोजगारपरक 06 माह/01 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा कोर्स सत्र 2026–27 से प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये एवं उनके संचालन हेतु आवश्यक कार्यो पर अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया। |

अन्त में मा0 कुलपति जी से सहमति प्रदान करते हुए कुलसचिव द्वारा समस्त सदस्यों का धन्यवाद करते बैठक सम्पन्न की गयी।

25-6-26
(प्रबुद्ध सिंह)
कुलसचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति

Scanned with OKEN Scanner